आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

'भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन–दो हजार छब्बीस' नई दिल्ली में शुरू हो गया है। पांच दिन का यह सम्मेलन किसी ग्लोबल साउथ देश में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। यह सम्मेलन वैश्विक एआई कार्ययोजना में भारत की भूमिका को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह देशवासियों के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि 'भारत एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के लिए विश्वभर से लोग भारत आ रहे हैं। श्री मोदी ने शिखर सम्मेलन' के लिए विश्व के नेताओं, उद्योगपतियों, नवप्रवर्तकों, नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और प्रौद्योगिकी प्रेमियों का हार्दिक स्वागत किया। इस बीच, भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट को देखते हुए दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को सुगम आवागमन के लिए मेट्रो का उपयोग करने को कहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को आने–जाने के दौरान संभावित यातायात जाम और देरी से बचने की के लिए मेट्रो की सलाह दी है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में पेश किए गये प्रदेश के बजट को नवाचार का ऐतिहासिक बजट बताया है। 'योगी की पाती' नाम से एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनिर्माण के नौ वर्षों की यह यात्रा प्रगति पथ पर सतत गतिशील है। एक रिपोर्ट–

श्री योगी ने कहा है कि पिछले नौ वर्षो में प्रदेश ने उद्यमशीलता नवचार एवं अवसंरचना की सशक्त आधारशिला रखी है। यह बजट उसी आधारशिला पर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ सफल भविष्य का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट लोगों की नौ आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बनेगा। श्री योगी ने कहा है कि एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की प्राप्ति में सटीक डेटा एवं रियल टाईम डेटा मॉनिटरिंग के महत्व को देखते हुए स्टेट डेटा ऑथिरिटी का गठन किया जाएगा। प्रौद्योगिकी और एआई को लेकर बजट में विशेष व्यवस्था की गयी है। उत्तर प्रदेश एआई मिशन, एआई डेटा लैब, एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा डेटा सेंटर क्लसटर उत्तर प्रदेश को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एआई और एवं डीपटेक के क्षेत्र में एक नये वैश्विक केन्द्र के रूप मे स्थापित करने में सहायक होगें। 'टेक युवा–समर्थ युवा' योजना के अंतर्गत पचीस लाख युवाओं को नई तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गत नौ वर्षों में बिना कोई नया टेक्स लगाए विकास पथ पर सतत बढ़ते जाना सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। नौ दशमलव बारह करोड़ यह दूरदर्शी बजट युवा महिला अन्नदाता और गरीब की आकांक्षाओं को साकार करेगा। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द गुप्ता।

****

लखनऊ मेट्रो ने आज क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली की शुरूआत कर दी। इसके जरिये अब यात्री घर बैठे ही टिकट बुक कर सकते हैं। लखनऊ मेट्रो के प्रवक्ता ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब लखनऊ मेट्रो के आधिकारिक मोबाइल ऐप, टिकट वेंडिंग मशीन या टिकट काउंटर से क्यूआर टिकट आसानी से बुक करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि टोकन वाले टिकट भी पहले की तरह स्टेशन पर उपलब्ध रहेंगे।

****

अयोध्या धाम बस अड्डे से प्रदेश के अन्य शहरों के लिए पहली बार इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होगा। इन बसों के शुरू होने से अयोध्या से लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी जैसे शहरों से कनेक्टिविटी और मजबूत हो जाएगी। होली के त्योहार को देखते हुए परिवहन विभाग ने यह कदम उठाया है। परिवहन निगम, अयोध्या के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने कहा कि इस पहल से न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी बल्कि पर्यावरण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

पर्यावरण को देखते हुए ये इलेक्ट्रिक बसों की सेवा शुरू कर रहे हैं। हम लोगों को 20 बसें मिली हैं जिनका संचालन हमलोग होली से करेंगे। जो भी यहां से मुख्यमार्ग हैं चाहे वो प्रयागराज हो चाहें वो बनारस का हो या गोरखपुर है, लखनऊ है, इन सभी मार्गों पर 5–5 बसें हम लोग संचालित करेंगे। साथ ही साथ उधर से भी बसों का संचालन होगा।

****

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज वाराणसी में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर की प्रगति की समीक्षा की। श्री रिणवा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश भर में मतदाता सूची के शुद्धिकरण का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग की मंशा है कि दस अप्रैल को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित हो। इस अवसर पर श्री रिणवा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ और सुपरवाइजरों को भी सम्मानित किया।

****

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे धीरे दो डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

****